# जनवरी 2026

# NANAK CLASSES

## राजस्थान करंट अफेयर्स

## MONTHLY PDF









नानक क्लासेज
टेस्ट सीरीज
PDF नोट्स
वीडियो क्लासेज
नानक क्लासेज App पर पाएं
HELP LINE 76900-23611

76900-23611 nanakclasses.in nanakclasses@gmail.com

**1. प्रदेश में नेपियर घास पर आधारित सबसे अधिक बायो–CNG उत्पादन करने वाला पहला प्लांट कहाँ बनाया जा रहा है–बाड़मेर**

- राजस्थान में नेपियर घास पर आधारित सबसे ज्यादा बायो–CNG उत्पादन करने वाला पहला प्लांट "बाड़मेर" जिले में बनाया जा रहा है
- यह परियोजना नेपियर घास का उपयोग करके बायो–CNG उत्पादन करेगी और रोजाना लगभग 6.50 टन उत्पादन लक्ष्य रखे जाने की योजना है

**2. पं. झाबरमल्ल शर्मा की स्मृति में आयोजित व्याख्यानमाला में पुरस्कार**

- पत्रिका समूह ने अपने वार्षिक सृजनात्मक साहित्य पुरस्कारों की घोषणा की है।
- पुरस्कार साहित्य और पत्रकारिता के पुरोधा पं. झाबरमल्ल शर्मा की स्मृति में आयोजित व्याख्यानमाला के समारोह में प्रदान किए जाएंगे।

- **कहानी (प्रथम पुरस्कार)–**
- लेखक– फारूक आफरीदी (जयपुर)
- कहानी– **"जीवन जैसे नदिया का नीर"**
- **कविता (प्रथम पुरस्कार)–**
- कवि– अतुल चतुर्वेदी (कोटा)
- कविता– **"कुछ अवसरिए सियार"**
- **कहानी (द्वितीय पुरस्कार)–**
- लेखिका– रोचिका अरुण शर्मा (चेन्नई)
- कहानी– **"स्वदेश"**
- **कविता (द्वितीय पुरस्कार)–**
- कवि– कैलाश मनहर (मनोहरपुर, जयपुर)
- काव्य कृति– "यही तो विरल"

**3. एशिया कॉन्टिनेंट अवॉर्ड 2025**

- राजस्थान माटी कला बोर्ड के चेयरमैन प्रहलाद राय टाक को एशिया कॉन्टिनेंट अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया।
- यह सम्मान माटी कला (टेराकोटा) आर्ट के क्षेत्र में लगातार 2 वर्षों से उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया।
- अवॉर्ड समारोह काठमांडू (नेपाल) में आयोजित हुआ।
- टाक को यह अवॉर्ड समरसता मंच की चयन समिति की अनुशंसा पर मिला।
- उनके निर्देशन में माटी कला बोर्ड ने माटी कला से जुड़े कारीगरों के जीवन स्तर में सुधार किया।
- कारीगरों को इलेक्ट्रिक मशीनें उपलब्ध कराईं।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।
- राजस्थान सरकार की योजनाओं को लागू कर कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया।

**4. दिव्यांशी जैन**

- दिव्यांशी जैन जयपुर की युवा स्क्वैश खिलाड़ी हैं।
- एडिनबर्ग में स्कॉटिश ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट की अंडर–13 गर्ल्स कैटेगरी का खिताब जीता।
- फाइनल मुकाबले में दिव्यांशी ने शनाया परसरामपुरिया (भारत) को सीधे सेटों में हराया।
- फाइनल स्कोर– 11–5, 11–9, 11–5।
- यह दिव्यांशी का एक महीने में दूसरा अंतरराष्ट्रीय खिताब है।
- इससे पहले उन्होंने कुआलालंपुर ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट में भी खिताब जीता था।
- दिव्यांशी अंडर–13 वर्ग में भारत की नंबर–1 खिलाड़ी हैं।

**5. राइफलपिस्टल एशियन चैम्पियनशिप**

- राजस्थान के 4 निशानेबाज 2 से 14 फरवरी तक नई दिल्ली में होने वाली राइफलपिस्टल एशियन चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे।
- प्रतियोगिता का आयोजन कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में किया जाएगा।

1. **मानिनी कौशिक–**
   - 50 मीटर राइफल प्रोन इवेंट में
   - वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर–1 है
   - मानिनी ने 2025 कजाखस्तान में एशियन चैम्पियनशिप में इंडिविजुअल ब्रॉन्ज और टीम सिल्वर मेडल जीता था।
2. **भावेश शेखावत**– 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में
3. **मानवेन्द्र सिंह चौहान**– 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (जूनियर) में
4. **भानुप्रताप सिंह चौधरी** –एयर राइफल यूथ कैटेगरी में

**6. राजस्थान के चर्चित खिलाड़ी व उनके खेल से संबंधित**

- **बबनूर सिंह (जूडो)**–श्रीगंगानगर
- भारत के जूडो खिलाड़ी बबनूर सिंह ने जुलाई में हॉन्गकॉन्ग में आयोजित एशियन कैडेट जूडो कप में में सिल्वर पदक जीता।
- चाइनीज ताइपे कैडेट कप में कांस्य पदक प्राप्त किया।
- **प्रद्युमन यादव (आर्चरी)**–श्री गंगानगर
- तीरंदाज प्रद्युमन यादव का चयन भारतीय आर्चरी टीम में हुआ।
- वे सऊदी अरब के जेद्दाह में होने वाले एशिया कप स्टेज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।
- लगातार दूसरे वर्ष इंटरनेशनल प्रतियोगिता खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने।
- **हर्षिता जाखड़, अंजलि और कृतिका सहारण (साइकिलिंग)**–श्रीगंगानगर
- श्रीगंगानगर की हर्षिता जाखड़, अंजलि और कृतिका सहारण ने नेशनल साइकिलिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

Video Course Test series PDF & Notes करंट अफेयर्स

- तीनों बहनों ने अलग–अलग वर्गों में राजस्थान के लिए गोल्ड मेडल
- **अंश रावत**–श्री गंगानगर
- मध्यप्रदेश में नेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीता।
- अंडर–14 में सिल्वर मेडल जीतने वाला पहला खिलाड़ी बना।

**7. अंतरराष्ट्रीय केटलबेल वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025**

- डॉ. सुमन कालड़ा (केटलबेल)–श्रीगंगानगर
- हंगरी के सेग्लेड (Szeged) शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय केटलबेल वर्ल्ड चैंपियनशिप (IKMF) 2025 (भाग–2) में की डॉ. सुमन कालड़ा ने कांस्य पदक प्राप्त किया।
- 22 देशों के 200 से अधिक खिलाड़ियों के बीच 15 सदस्यीय भारतीय दल ने 25 पदक जीते

**8. ग्राउंडवॉटर स्ट्रैटेजी समिट 2025का आयोजन**

- 'ग्राउंडवॉटर स्ट्रैटेजी समिट 2025का आयोजन–राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर
- समिट का फोकस गिरते भूजल स्तर, जल संरक्षण और जल सुरक्षा रणनीति पर रहा।
- कार्यक्रम का उद्घाटन राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एन. के. जैन ने किया।
- देश की 18% आबादी राजस्थान में रहती है, जबकि राज्य के पास केवल 4% जल संसाधन हैं।
- विचार –हिमालयी नदियों के बाढ़ के पानी का वैज्ञानिक प्रबंधन कर उसे जल–संकटग्रस्त राज्यों तक पहुंचाया जाए।
- वैज्ञानिकों ने 'क्लाइमेट रेजिलिएंस (जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन) विकसित करने की आवश्यकता बताई।

**9. प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस 2025**

- मुख्य अतिथि –राज्यपाल, गुलाबचंद कटारिया, पीयूष गोयल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
- इस अवसर पर एक लाख करोड रुपए के निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग की गई
- राजस्थान फाउंडेशन का विस्तार कर कुल 14 नए चैप्टर खोलने की घोषणा की गई है , इसके साथ ही इन चैप्टर की कुल संख्या बढ़कर 40 हो गई है
- इसमें 9 विदेश में व पांच भारत के राज्यों में खोले जाएंगे
- भारत के राज्यों में उत्तर प्रदेश ,सिक्किम ,केरल, पंजाब हरियाणा शामिल है
- 9 विदेश में – न्यूजीलैंड ,कनाडा ,हांगकांग ,थाइलैंड, मलेशिया ओमान, कुवैत, दक्षिण अफ्रीका, बहरीन
- प्रवासियों को राज्य के विकास कार्यों से सीधे जोड़ने के लिए राजस्थान डेवलपमेंट सपोर्ट पोर्टल (RDSP) बनाया जाएगा
- प्रवासी राजस्थानियों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार ने 5 स्तंभों पर कार्य कर रही है –एक्सेलरेट (गतिदेना), Bridge (सेतु बनाना), Celebrate (उत्सव), Drive (प्रेरित करना), Ensure (सुनिश्चित करना)

**10. प्रवासी राजस्थानी सम्मान**

- प्रवासी राजस्थानी सम्मान 9 विभूतियों को प्रदान किए गये
- अजय पीरामल– पिरामल ग्रुप
- पूनम चंद्र राठी– बीकानेर मूल के उद्योगपति
- अनिल अग्रवाल –वेदांता ग्रुप
- प्रदीप राठौड़– सैलो वर्ल्ड
- कुमार मंगलम बिड़ला– आदित्य बिड़ला ग्रुप
- नरसी गुलरिया– इंटीरियर टायकून व समाजसेवी
- माधव सिंघानिया –एमडी एंड सीईओ जेके सीमेंट
- विनीत मित्तल –अवाडा ग्रुप
- श्रीमती सी.एम. मुंद्रा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट मुंबई

**11. देश का चौथा और उत्तर भारत का पहला ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन क्लस्टर**

- आईआईटी जोधपुर में ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन क्लस्टर
- लागत– ₹205 करोड़
- **विशेषता–**
- देश का चौथा, उत्तर भारत का पहला
- नई हाइड्रोजन उत्पादन तकनीक पर रिसर्च
- अपशिष्ट पानी से ग्रीन हाइड्रोजन
- 350 टन/वर्ष उत्पादन क्षमता
- लागत– 13 डॉलर/किलोग्राम
- 2030 तक 60,000 रोजगार
- ग्रीन टूरिज्म को बढ़ावा

**12. शिक्षा श्री पुरस्कार**

- राजकुमार वर्मा (जयपुर)
- कारण– "कर्नल सोफिया कुरैशी के भारतीय सेना में योगदान" पर रिसर्च पेपर प्रस्तुत करना
- प्रदान– कुलगुरु बी.एल. मेहता लर्निंग इंस्टीट्यूट, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, और सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (नई दिल्ली)द्वारा

**13. स्टेट लेवल स्वच्छता रैंकिंग**

- राज्य सरकार ने राष्ट्रीय स्वच्छता रैंकिंग से पहले स्टेट लेवल स्वच्छता प्रतिस्पर्धा करवाई।
- स्वायत्त शासन विभाग ने टूलकिट के आधार पर शहरों को अंक देकर रैंकिंग जारी की।
- कुल 5 श्रेणियों में शहरों की रैंकिंग की गई।



- बड़े शहर (10 लाख से अधिक आबादी)–
- जयपुर ग्रेटर ने 33.66 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया।
- मध्यम शहर (3 लाख से 10 लाख आबादी)–
- भीलवाड़ा– 52.16 अंक (प्रदेश में पहला स्थान)
- अलवर– 48.29 अंक (दूसरा स्थान)
- उदयपुर निगम– तीसरा स्थान
- अंक देने की प्रमुख श्रेणियां–
- कचरा निस्तारण (अपशिष्ट पृथक्करण)
- पोर्टल अपडेट (USWM प्रोजेक्ट पोर्टल पर डेटा फीडिंग)
- ओडीएफ प्लस (घरेलू शौचालय निर्माण)
- जीएवी फ्री शहर (कचरा डंपिंग पॉइंट हटाना)
- जन जागरूकता (स्वच्छता प्रचार–प्रसार)

➢ Booster Dose

- **भीलवाड़ा जिले की महत्वपूर्ण बातें–**
- ODOP–मक्का
- औद्योगिक पार्क –शाहपुरा
- जल संचयन पुरस्कार में बाड़मेर के साथ प्रथम पुरस्कार
- कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान में प्रथम पुरस्कार
- 28 मार्च 2025 को सुशासन उत्सव का आयोजन
- **पांच गौरव योजना के तहत–**
- उपज – संतरा
- प्रजाति – नीम
- उत्पाद – टेक्सटाइल उत्पाद
- पर्यटन स्थल – मांडलगढ़ किला
- खेल – बास्केटबॉल

**14. 31वीं थांग ता जूनियर नेशनल चैंपियनशिप**

- गुवाहाटी,असम में आयोजित 31वीं थांग ता जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में अजमेर के दीपेंद्र सिंह शेखावत ने 80 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता

**15. राजस्थान के चर्चित खिलाड़ी व खेल से संबंधित**

- दिव्या कीर्ति सिंह राठौड़–घुड़सवार ड्रेसाज
- थाईलैंड के पटाया में आयोजित एशियाई घुड़सवारी चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने रजत पदक जीता ,उस जीत में अहम भूमिका निभाई
- 2023 का अर्जुन अवार्ड मिला
- **जंगजीत सिंह काजला–** बैडमिंटन
- एशियाई जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप U–17 वर्ग में कांस्य पदक जीता
- **आदित्य ढींगरा** –शतरंज
- जयपुर में आयोजित किंगडम ऑफ चेस ओपन रैपिड चेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया
- **राजेंद्र पालड़ी**–क्रिकेटर
- ISPL सीजन की नीलामी में बिकने वाले राजस्थान के सबसे महंगे खिलाड़ी ,इन्हें बेंगलुरु स्ट्राइकर्स ने 26.10 लाख में खरीदा

**16. मुख्यमंत्री कन्यादान योजना**

- लक्ष्य– कमजोर वर्ग की बेटियों के विवाह पर आर्थिक मदद
- **लाभ–**
- SC/ST – अल्पसंख्यक परिवार के BPL → ₹31,000
- अन्य BPL/अंत्योदय/विधवा/विशेष योग्यजन/महिला खिलाड़ी → ₹21,000
- शिक्षा प्रोत्साहन → 10वीं– ₹10,000, स्नातक– ₹20,000
- शर्तें– आयु ≥18 वर्ष, प्रति परिवार 2 कन्याएँ, आवेदन विवाह के 1 साल तक
- इतिहास– 1997–98– विधवा पुत्रियाँ के विवाह पर
- 2005– SC/ST बीपीएल परिवारों को जोड़ा गया
- 2016–17– सहयोग – उपहार योजना नाम दिया गया
- 2020– मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के नाम पर

**17. राजस्थान डिजिफेस्ट TiE ग्लोबल समिट 2026**

- आयोजन– 46 जनवरी 2026
- स्थान– JECC, सीतापुरा (जयपुर)
- उद्घाटन– कर्नल राज्यवर्धन राठौड़(सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री)
- उद्देश्य– राजस्थान को IT व AI हब बनाना
- प्रतिभागी– 10,000+, निवेशक– 500+, प्रदर्शक– 300 शामिल हो रहे है।
- आयोजक –
- राजस्थान सरकार का सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग
- टाई राजस्थान (TiE Rajasthan)
- उद्देश्य –
- राजस्थान को वैश्विक इनोवेशन हब के रूप में स्थापित करना
- नवाचार, उद्यमिता और सतत विकास को वैश्विक मंच प्रदान करना
- फोकस सेक्टर डिजिटल एग्रीकल्चर,स्मार्ट हेल्थ,स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर,टूरिज्म,वाटर गवर्नेंस
- मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामय उपस्थिति में 'डेस्टिनेशन मध्यप्रदेश– भारत का अगला प्लेटफॉर्म स्केलेबल टेक और इनोवेशन' विषयक सत्र का आयोजन किया गया
- लीडरशिप बियॉण्ड लेबल्स– वीमन, पावर एंड पब्लिक सर्विस –
- वक्ता– पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी
- 9 करोड़ स्वयं सहायता समूह की महिलाएं नए भारत की ताकत

Video Course Test series PDF & Notes करंट अफेयर्स

- **लक्ष्य–**
- लाखों महिलाओं को सशक्त बनाना
- 300 स्टार्टअप्स को बढ़ावा
- 100 मिलियन डॉलर+ फंड तैयार करना

**18. राजस्थान रीजनल AI इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस 2026**

- राजस्थान रीजनल AI इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस 2026
- आयोजन तिथि 6 जनवरी 2026
- आयोजन स्थल JECC, जयपुर
- उद्घाटन सत्र में नेशनल एआई लिटरेसी प्रोग्रामर, राजस्थान एआई–एमएल पॉलिसी–2026, आईस्टार्ट लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, राजस्थान एवीजीसी–एक्सजार पोर्टल तथा राजस्थान एआई पोर्टल का शुभारंभ किया।
- आमजन को एआई साक्षर बनाने और तकनीकी कौशल से लैस करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय एआई साक्षरता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।
- राजस्थान में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हेतु नए प्रशिक्षण कार्यक्रम
- 5,000 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण
- जयपुर में डेटा सेंटर की स्थापना प्रस्तावित
- सीमावर्ती क्षेत्रों में रेलवे कनेक्टिविटी का विस्तार
- बीकानेर, जैसलमेर रेल नेटवर्क सुदृढ़

**19. राष्ट्रीय एआई साक्षरता कार्यक्रम**

- राष्ट्रीय एआई साक्षरता कार्यक्रम की शुरुआत –6 जनवरी 2026
- उद्देश्य– आमजन को एआई समझाना और तकनीकी कौशल से लैस करना।
- लक्ष्य समूह– विशेषज्ञ, कोडर्स, बच्चे और सामान्य युवा।
- प्रथम चरण– युवा एआई फॉर ऑल
- 4 घंटे का कोर्स
- एआई को सरल और व्यावहारिक रूप में समझाना
- क्रिएटिविटी, प्लानिंग और जीवन में जिम्मेदार उपयोग पर जानकारी
- डिजिटल लर्निंग–
- iStart Learning Management System के माध्यम से कौशल विकास, उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा।
- नीति और पोर्टल–
- राजस्थान एआई पोर्टल एआई एमएल नीति का प्रभावी क्रियान्वयन
- राजस्थान AVG–XR पोर्टल एनिमेशन, वीएफएक्स, गेमिंग, कॉमिक्स, एक्सटेंडेड रियलिटी क्षेत्रों में प्रतिभाओं को प्रोत्साहन

**20. गूगल और IIT दिल्ली तथा NLU जोधपुर के बीच एमओयू**

- राजस्थान रीजनल AI इम्पैक्ट के तहत गूगल, IIT दिल्ली औरनेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (NLU), जोधपुर एमओयू 06 जनवरी 2026
- गूगल– स्वास्थ्य, कृषि, परिवहन, नागरिक सेवाओं में एआई/एमएल पायलटय क्लाउड और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं का लाभ।
- NLU जोधपुर– उत्तरदायी और नैतिक एआईय सरकारी अधिकारियों, स्टार्टअप्स और पेशेवरों का क्षमता निर्माण।
- IIT दिल्ली– एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंसय शोध, स्किलिंग, हैकाथॉन, स्टार्टअप मेंटरिंग, उद्योग–शैक्षणिक–सरकारी सहयोग।

**21. राजस्थान युवा एवं खेल महोत्सव 2026**

- राजस्थान युवा एवं खेल महोत्सव–2026 का राज्य स्तरीय समारोह 7 से 12 जनवरी तक जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होगा।
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 50 हजार, द्वितीय स्थान पर 25 हजार और तृतीय स्थान पर 10 हजार रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे
- तकनीकी सहयोग–DoiT

**22. मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0**

- मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के प्रथम चरण में दिसंबर 2025 तक सीकर ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है
- योजना 15 फरवरी 2024 को बजट घोषणा के तहत शुरू की गई थी
- इसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के गांव को जल के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है
- प्रथम चरण में प्रदेश के 5000 से अधिक गांव में 3500 करोड रुपए के लागत से करीब 1 लाख 10 हजार जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य रखा गया था

**23. 'माय करियर एडवाइजरएप**

- प्रदेश में 'माय करियर एडवाइजरएप लॉन्च
- लॉन्च– CM भजनलाल शर्मा
- कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी।
- विकास शिक्षा मंत्रालय एवं NCERTPSSCIVE द्वारा
- AI आधारित पर्सनलाइज्ड करियर गाइडेंस ऐप
- प्रदेश के विद्यार्थियों को बेहतर करियर विकल्प चुनने में सहायता के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा 'माय करियर एडवाइजरमोबाइल एप लॉन्च किया गया।
- यह एप विद्यार्थियों को पर्सनलाइज्ड करियर गाइडेंस प्रदान करेगा आधुनिक एआई आधारित करियर अवेयरनेस एवं गाइडेंस एप है।

**24. भैरव फोर्स**



- भैरव फोर्स, नसीराबाद
- देश की सुरक्षा के लिए खतरे नए चुनौतियों से लड़ने के लिए इंडियन आर्मी ने नई स्पेशल कमांडो फोर्स तैयार की है।
- इस फोर्स को हाई रिस्क ऑपरेशनों के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।
- इस यूनिट के कमांडो को हाइब्रिड ट्रेनिंग मॉडल के तहत प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान कमांडो को आधुनिक तकनीक, नए हथियारों, संचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) तकनीकों की विस्तृत ट्रेनिंग दी गई है।
- ब्रिटिशकाल से ही नसीराबाद छावनी, देश की सबसे बड़ी फायरिंग रेंज है, जिसकी स्थापना वर्ष 1818 में तत्कालीन ब्रिटिश जनरल डेविड ऑक्टरलोनी ने की थी

**25. राजीविका एवं Accept / बयरफुट कॉलेज के बीच MoU**

- राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) एवं Accept / बयरफुट कॉलेज, तिलोनीया (अजमेर) के बीच MOU –06 जनवरी, 2026
- समझौते का प्रकार– गैर–वित्तीय समझौता ज्ञापन (MoU)
- उद्देश्य–ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को "सोलर दीदी" के रूप में प्रशिक्षित करना।
- महिलाओं को समुदाय स्तरीय सौर मरम्मत एवं अनुरक्षण तकनीशियन के रूप में सशक्त बनाना।
- लाभार्थी–राजीविका के स्वयं सहायता समूह (SHG) नेटवर्क से चयनित ग्रामीण महिलाएँ।
- प्रशिक्षण विवरण–बयरफुट कॉलेज, तिलोनीया में 40 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण।
- कक्षा–आधारित शिक्षण के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण।

➢ **Booster Dose**

- प्रमुख MOU–
- राज्य सरकार और कॉमिक कॉन इंडिया के बीच प्रदेश में पहले कॉमिक कॉन के आयोजन के लिए समझौता
- राजीविका और भारतीय शिल्प व डिजाइन संस्थान के बीच एमओयू
- राजीविका और मंजरी फाउंडेशन के बीच महिला उदमों के लिए 5 वर्षीय समझौता
- राजीविका और स्वर्ण पथ एड्यूटेक के बीच समझौता
- RUHS और मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के बीच एमओयू
- ऊर्जा विभाग व CSEP रिसर्च फाउंडेशन के बीच एमओयू
- पर्यटन विभाग व होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के बीच कोटा हाड़ोती ट्रैवल मार्ट के लिए एमओयू
- राजस्थान पुलिस और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के मध्य एमओयू
- आईआईटी जोधपुर व आइडिया फोर्ज टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के बीच मानव रहित विमान पर शोध के लिए एमओयू
- ग्लोबल राजस्थान एग्रीमेंट मीट 2026 के लिए फिक्की के साथ समझौता
- (राजीविका) और एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) के बीच नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता तकनीकों के माध्यम से आजीविका के अवसर बढ़ाने को लेकर एक सहमति पत्र (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।
- उन्नति इन्क्यूबेशन हब" पहल के अंतर्गत राजीविका और Ruma देवी फाउंडेशन के बीच हुआ समझौता
- राजीविका और राजस्थान वानिकी व जैव विविधता विकास समिति के मध्य समझौता हुआ
- राजीविका और वी. शक्ति ट्रस्ट के बीच गैर वित्तीय समझौता

**26. प्रदेश की पहली ऑर्थो बायोलॉजिकल रीजनरेटिव केयर लैब**

- प्रदेश की पहली ऑर्थो बायोलॉजिकल रीजनरेटिव केयर लैब शुरू
- सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज, बीकानेर
- परिसर में स्थित– प्रिंस बिजय सिंह मेमोरियल (PBM) अस्पताल
- PBM– सरकारी अस्पताल
- नई अत्याधुनिक तकनीक
- घुटनों का इलाज बिना ऑपरेशन संभव

➢ Booster Dose

- बीकानेर विशेष–
- सरदार वल्लभभाई पटेल अस्पताल, बीकानेर में 100 करोड़ की लागत से निर्मित मेडिसिन व आईपीडी विंग के संचालन हेतु श्रीमती सी.एम.मुंदडा चैरिटेबल ट्रस्ट के साथ समझौता
- युद्धाभ्यास 'इंद्र 2025 (भारत–रूस )
- 5वां हरिमौ शक्ति युद्धाभ्यास –2025 (भारत और मलेशिया)
- 8वां अजेय वॉरियर 25 (भारत–यूके संयुक्त सैन्य अभ्यास)
- साइक्लोन 2025– (भारत और मिश्र )
- देश की पहली 200 किमी लंबी अंतरराष्ट्रीय साइक्लिंग रेस''वेदांता टूर डी थार''–नौरंगदेसर, बीकानेर
- एक जिला एक उत्पाद' (ODOP)– मोटा (मोठ) और उससे बने उत्पाद जैसे भुजिया, नमकीन और पापड़

**27. देश का पहला स्वदेशी डिजिटल एड्रेस सिस्टम 'भारत पिन'**

- देश का पहला स्वदेशी डिजिटल एड्रेस सिस्टम
- भारत पिन (Bharat PIN)
- बाड़मेर के दीपक शारदा द्वारा विकसित
- हर घर/दुकान/ऑफिस/फैक्ट्री को 7–डिजिट यूनिक कोड

NANAK CLASSES

Video Course Test series PDF & Notes करंट अफेयर्स

- 1 मीटर तक सटीक लोकेशन पहचान
- व्यक्ति नहीं, लोकेशन की पहचान
- 'वन नेशन, वन एड्रेसकी दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**28. राजस्थान के चर्चित खिलाड़ी महिपाल महला और आदित्य प्रताप सिंह ,प्रीतिका तारावत**

- दुबई में आयोजित सातवें रोल बॉल विश्व कप में भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने स्वर्ण पदक जीता
- विजेता भारतीय पुरुष टीम में राजस्थान के सीकर जिले के महिपाल महला और प्रतापगढ़ के आदित्य प्रताप सिंह राणावत शामिल थे जबकि महिला टीम में अजमेर की प्रीतिका तारावत शामिल थी
- नवीराज सिंह शेखावत भारतीय टीम के सहायक कोच के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

**29. डाटा सेंटर**

- जयपुर में आधुनिक डेटा सेंटर (AI डेटा सेंटर) स्थापित किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 10वें डिजिफेस्ट–TIE ग्लोबल समिट 2026 में घोषणा की कि जल्दी ही जयपुर में एक बड़ा डेटा सेंटर और AI हब बनाया जाएगा
- प्रदेश में 6.50 करोड़ मोबाइल यूजर है, हर माह 81 हजार करोड़ का यूपीआई लेनदेन होता है

**30. नागौरी अश्वगंधा**

- नागौरी अश्वगंधाको GI टैग —
- नागौर (मारवाड़), राजस्थान — केंद्र सरकार ने नागौर की विशेष औषधीय फसल 'नागौरी अश्वगंधाको GI टैग (Geographical Indication Tag) प्रदान किया है। इससे यह फसल अब अंतरराष्ट्रीय पहचान और कानूनी सुरक्षा के साथ एक कृषि ब्रांड के रूप में उभरी है।
- राजस्थान में कृषि उत्पादों में सोजत की मेहंदी के बाद नागौरी अश्वगंधा दूसरा बड़ा GI टैग प्राप्त करने वाला कृषि उत्पाद बन गया है।
- स्थानीय योगदान और पहल–
- इस GI पहचान हेतु स्थानीय किसान समूहों, नागौरी वेलफेयर सोसाइटी के नेतृत्व और आयोजित तकनीकी समर्थन के साथ लंबी कोशिशें की गईं। इस प्रयास में ICAR और कृषि विभाग का भी योगदान रहा

**31. विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 कार्यक्रम**

- आयोजन 912 जनवरी ,भारत मंडपम, नई दिल्ली।
- प्रदेश के 44 युवा प्रतिभागी कार्यक्रम में भाग लिया
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को कार्यक्रम को संबोधित किया
- चयनित प्रस्तुतियों का अवलोकन किया
- शीर्ष निबंधों के विशेष संकलन का विमोचन
- युवाओं को देश की प्रमुख हस्तियों से संवाद का अवसर मिलेगा।
- साथ ही, प्रदेश के 29 युवाओं को सामूहिक लोक नृत्य, लोक गायन, कहानी लेखन, पेंटिंग और भाषण जैसी प्रतियोगिता एवं 2 युवाओं को हैक फॉर सोशल कॉज इवेंट के लिए चुना गया है।

**32. राष्ट्रीय अशोका सम्मान**

- नई दिल्ली में सम्मान समारोह में पूर्वा गुप्ता, युवा अधिवक्ता,राजस्थान उच्च न्यायालय को विधि व समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय अशोका सम्मान से सम्मानित
- मानद डॉक्टरेट उपाधि प्रदान की गई

**33. 2024 का एडी राही अवार्ड**

- तहजीब द्वारा 2024 का एडी राही अवार्ड
- प्राप्तकर्ता– आदिल रजा मंसूरी (जयपुर)
- कृति– "सन्नाटे की परछाईं" (शेरी मजमूआ / काव्य संग्रह)
- क्षेत्र– उर्दू साहित्य (राज्य स्तरीय पुरस्कार)
- पूर्व पुरस्कार विजेता–
- 2021 फारूक इंजीनियर (सीकर)– कितने सूरज को
- 2022 डॉ. सरवत जहां (उदयपुर)– कड़वे करेले
- 2023 अरशद अब्दुल हमीद (टोंक)– चरागा सरे खवाब

**34. राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय का स्वास्थ्य के क्षेत्र में एमओयू**

- एमओयू– राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय (DSRRAU) व राष्ट्रीय असंचारी रोग कार्यान्वयन अनुसंधान संस्थान (ICMR–NIER NCD)
- क्षेत्र– स्वास्थ्य अनुसंधान, आयुर्वेद, सार्वजनिक स्वास्थ्य
- **हस्ताक्षरकर्ता–**
- प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल (कुलगुरु, DSRRAU)
- प्रो. पंकज भारद्वाज (निदेशक, ICMR–NIER NCD)
- अवधि– 5 साल
- **उद्देश्य–**
- संयुक्त अनुसंधान और प्रशिक्षण
- छात्र और संकाय आदान–प्रदान
- संयुक्त परियोजनाएँ

**35. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) क्षेत्र में NLU जोधपुर एमओयू**

- एमओयू– सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग(DOIT) व राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय(NLU) जोधपुर
- क्षेत्र– आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)
- **उद्देश्य–**
- नवाचार और अनुसंधान
- कौशल विकास

Video Course | Test series | PDF & Notes | करंट अफेयर्स

- उद्यमिता और स्टार्टअप प्रोत्साहन
- AI के जिम्मेदार और नैतिक उपयोग को बढ़ावा
- हस्ताक्षरकर्ता– प्रो. हरप्रीत कौर (कुलगुरु, NLU)

**36. e–Visitors Portal और e–Zero FIR**

- राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन: 8 से 9 जनवरी 2026
- स्थान: राजस्थान पुलिस अकादमी (RPA) जयपुर
- मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में ई–विजिटर्स पोर्टल एवं ई–जीरो एफआईआर का शुभारम्भ, राजस्थान पुलिस प्राथमिकता 2026 पुस्तिका का विमोचन किया।
- वर्ष 2023 के मुकाबले अब प्रदेश के अपराधों में 15% की गिरावट आई है।
- साथ ही महिला अत्याचार में 10% और SC–ST के विरुद्ध अपराधों में 28% की कमी आई है।
- 350 करोड़ रुपये की लागत से सरदार पटेल सेंटर फॉर साइबर कंट्रोल रूम एवं राजस्थान पुलिस तकनीकी प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना
- पुलिस आधुनिकीकरण और संबंधित आधारभूत संरचना के लिए 200 करोड़ रुपये का फंड गठित
- देश में तीनों नए कानूनों के क्रियान्वयन के तहत प्रदेश में चरणबद्ध रूप से 7 वर्ष से अधिक सजा वाले मामलों में जांच एफएसएल से कराने के लिए थानों को सुदृढ़ किया जा रहा है।
- भारत सरकार के उपक्रम क्षमता संवर्धन आयोग द्वारा राजस्थान पुलिस अकादमी को उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा दिया गया है।
- गृह राज्य मंत्री –श्री जवाहर सिंह बेढम
- महानिदेशक पुलिस (डीजीपी)– श्री राजीव कुमार

**37. 32वें अंतरराष्ट्रीय ऊंट महोत्सव, बीकानेर (2026)**

- 32वां अंतरराष्ट्रीय ऊंट महोत्सव– बीकानेर
- आयोजन –9 से 11 जनवरी 2026
- आयोजक –राज्य पर्यटन विभाग व जिला प्रशासन,बीकानेर
- मिस मरवण– अंकिता सुथार
- मिस्टर बिकाणा– लखन पारीक
- ढोला मरवण– किशोर कल्ला व स्वाति कल्ला

➢ **Booster Dose**

- कुरजाँ फेस्टिवल 2025–खींचन,फलौदी
- आयोजन – 26 – 27 दिसम्बर 2025
- आयोजन स्थल –
- मिस फलौदी–वैदेही भारद्वाज
- मिसेज फलौदी –वैशाली थानवी
- मिस्टर फलौदी–अभिषेक छंगाणी

**38. जोनल रिव्यू कॉन्फ्रेंस**

- आयोजक– सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार
- तिथि और स्थान– 89 जनवरी 2026, उदयपुर
- कार्यक्रम– दो दिवसीय जोनल रिव्यू कॉन्फ्रेंस
- उद्देश्य–केंद्र और राज्य की सहकारिता योजनाओं की समीक्षा
- भविष्य की रणनीति और योजना बनाना (सशक्त, समावेशी और तकनीकी सक्षम सहकारी क्षेत्र)

▪ **रूपरेखा–**

- 12 सत्र– पैक्स, सहकारी बैंक, डिजिटल सेवाएँ, कंप्यूटरीकरण, श्वेत क्रांति 2.0
- "सहकार से समृद्धि पैक्स अहैड"– मॉडल सहकारी गांव, स्टार्टअप इकोसिस्टम, आधुनिक सप्लाई चेन
- फील्ड विजिट– 9 जनवरी राजसमन्द और उदयपुर में सहकारी संस्थाएँ और FPOs का भ्रमण

**39. पीएम जनमन अभियान**

- वर्ष 2023 में भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर पीएम जनमन अभियान शुरू
- पीएम–जनमन (PM JANMAN)–प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान
- 9 मंत्रालयों की 11 योजनाओं का एकीकृत क्रियान्वयन
- उद्देश्य– जनजाति समाज का समग्र विकास

▪ **बारां जिले में उपलब्धियां–**

- लगभग 11,000 पीएम आवास
- 16,000+ विद्युत कनेक्शन
- 3,760 पेयजल कनेक्शन
- 12 मल्टी परपज सेंटर
- 11 संपर्क सड़कें पूर्ण

**40. धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान**

- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजाति बहुल गांवों का सर्वांगीण विकास
- विकास क्षेत्र– पक्का मकान, सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन
- राज्य में 6,000+ गांव चयनित
- लगभग 55 लाख जनजाति लोगों को लाभ
- आदि कर्मयोगी अभियान–
- 1.17 लाख+ कर्मयोगी/सहयोगी/साथी प्रशिक्षित
- **जनजाति विकास कोष–**
- राशि ₹1000 करोड़ → ₹1750 करोड़
- स्मारक एवं संग्रहालय–
- डूंगरपुर (डूंगर बरंडा), बांसवाड़ा (बांसिया चारपोटा)
- उदयपुर में वीर बालिका कालीबाई संग्रहालय
- खरीफ व रबी 2025-26–
- 50,000 जनजाति कृषकों को सब्जी बीज मिनिकिट उपलब्ध

**41. RAJ–UNNATI पहल**

Video Course Test series PDF & Notes करंट अफेयर्स

- RAJ–UNNATI राजस्थान सरकार द्वारा शुरू की गई एक प्रशासनिक समीक्षा और मॉनिटरिंग पहल है जिसका लक्ष्य राज्य में जारी बड़ी परियोजनाओं, सरकारी योजनाओं और चयनित शिकायतों / परिवेदनाओं का नियमित, समयबद्ध और सक्रिय मॉनिटरिंग करना है। इससे इन परियोजनाओं के लंबित रह जाने या देरी का सामना करने के कारणों को दूर कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा
- केंद्र सरकार के PM–PRAGATI मॉडल से संबंध–
- यह पहल केंद्र सरकार की PM–PRAGATI मॉडल की तर्ज पर शुरू की जा रही है।
- PM–PRAGATI (Pro–Active Governance And Timely Implementation) एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिसे 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया था, ताकि परियोजनाओं, योजनाओं और जन शिकायतों को टेक्नोलॉजी–आधारित मॉनिटरिंग और समयबद्ध समाधान के साथ देखा और लागू किया जा सके

**42. नजर एप**

- स्कॉच फाउंडेशन द्वारा टेक्नोलॉजी इनोवेशन कैटेगरी में जयपुर पुलिस को नजर एप के लिए स्कॉच अवार्ड
- उद्देश्य– किराएदार, ड्राइवर और घरेलू नौकरों का आसान व सुरक्षित सत्यापन।
- निर्माता– तत्कालीन एडिशनल कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप।
- अवार्ड प्राप्तकर्ता– कुंवर राष्ट्रदीप ने अवार्ड रिसीव किया।
- नजर एप लॉन्च तिथि– 12 जून 2025

**43. पूनम कुमार चौधरी**

- पूनम कुमार चौधरी –निशानेबाज
- जिला –बालोतरा
- 11 जनवरी 2026 को निधन
- 2001 में कॉमनवेल्थ शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता
- 2018 में महाराणा प्रताप अवार्ड से सम्मानित किया गया

**44. युवा संबल" मेला**

- युवा संबल" मेला 2026–12 जनवरी 2026
- स्थान– राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सरस डेयरी के पास, जोधपुर
- आयोजक विभाग– कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान व जोधपुर जिला प्रशासन

▪ **उद्देश्य–**

- बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना
- व्यक्तिगत लाभार्थी योजनाओं व आउटरीच योजनाओं की जानकारी देना

**45. मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना**

- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना —12 जनवरी 2026 ,राष्ट्रीय युवा दिवस पर शुरुआत
- उद्घाटन– मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में योजना का शुभारंभ किया।
- उद्देश्य– 1 लाख युवाओं को ब्याज-मुक्त ऋण देकर सूक्ष्म उद्यमी बनाना।

▪ **पात्रता–**

- राजस्थान का स्थायी निवासी
- आयु 1845 वर्ष
- लाभ– वित्तीय सहायता से स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा।

**46. राजस्थान युवा नीति–2026**

- राजस्थान युवा और रोजगार नीति 2026 —
- राजस्थान युवा नीति–2026–12 जनवरी 2026
- जारी– जयपुर, सवाई मानसिंह स्टेडियम, राज्यस्तरीय युवा महोत्सव

▪ **उद्देश्य–**

- शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से युवाओं के लिए नए अवसर
- व्यक्तित्व विकास और स्थानीय शासन में भागीदारी
- युवा अनुकूल स्वास्थ्य सेवाएँ, खेलों का विस्तार
- लैंगिक हिंसा की रोकथाम, युवा कलाकारों का संवर्धन
- सतत विकास में युवाओं की भूमिका पर जोर

**47. राजस्थान रोजगार नीति–2026**

- राजस्थान रोजगार नीति–2026–12 जनवरी 2026
- लक्ष्य– मार्च 2029 तक 15 लाख रोजगार अवसर उपलब्ध कराना
- बहुआयामी रणनीति– रोजगार और उद्यमशीलता पर केंद्रित

▪ **डिजिटल प्लेटफॉर्म–**

- राजस्थान रोजगार पोर्टल (ईईएमएस 2.0) . रोजगार कार्यालय (एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज) का निर्माण
- AI आधारित निगरानी और निष्पादन
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रोजगार अवसर, ई–जॉब फेयर की सुविधा
- यूथ आइकॉन अवार्ड–
- विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं का सम्मान

**48. दूसरे खेलो इंडिया बीच गेम्स (KIBG) 2026**

- दूसरे खेलो इंडिया बीच गेम्स (KIBG) 2026
- आयोजन –5–10 जनवरी, 2026– घोघला बीच, दीव
- द्वारा आयोजित– दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव (डीएनएचएचडीडी) और भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI)

Video Course Test series PDF & Notes करंट अफेयर्स

- खेल– वॉलीबॉल, बीच सॉकर, सेपक टाकरा, कबड्डी, पेनकैक सिलट, खुले पानी में तैराकी, मल्लखंब (प्रदर्शन), रस्साकशी (प्रदर्शन)
- शुभंकर– 'पर्ल', एक जीवंत डॉल्फिन
- शीर्ष 3 राज्य– कर्नाटक, तमिलनाडु और मणिपुर

- **समग्र स्थिति–**

1. कर्नाटक 3 स्वर्ण, 2 रजत और 6 कांस्य सहित कुल 11 पदक
2. तमिलनाडु (TN) 8 पदक (3 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य)
3. मणिपुर 7 पदक (3 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य)
4. राजस्थान– (2 स्वर्ण, 3 कांस्य सहित 5 पदक)

- 2 स्वर्ण (बीच कबड्डी)–पुरुष व महिला कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक जीता, हरियाणा को हराकर
- 3 कांस्य (पेनकैक सिलाट)–राजस्थान पुलिस के उप निरीक्षक चेनाराम सेपट (+90 किग्रा), रवि चौधरी (+85 किग्रा) एवं सूरज गोरा (+65 किग्रा) ने ज्दकपदह वर्ग में तीन कांस्य पदक

### 49. जिला अस्पतालों में जनऔषधि केन्द्र

- **जनऔषधि केन्द्र–**
- मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध होंगी
- सभी जिला अस्पतालों में प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र शुरू होंगे
- पात्र आवेदकों को अस्पताल परिसर में प्राथमिकता से स्थान
- इमरजेंसी सूची से बाहर की दवाएं भी कम कीमत पर मिलेंगी

### 50. प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना

- शुरुआत –17 सितंबर 2023
- विभाग– उद्योग व एमएसएमई विभाग
- अवधि– 2023–24 से 2027–28 तक।
- राजस्थान की फ्लैगशिप योजना में शामिल
- योजना के प्रमुख घटक– 18 ट्रेड जैसे (बढई ,लोहार ,कुम्हार ,मूर्तिकार, दर्जी आदि के चयनित दस्ताकारों को सर्टिफिकेट व आईडी कार्ड तथा ₹15000 की टूल किट सहायता ₹2 लाख तक का ऋण ,30 माह के लिए 8% ब्याज अनुदान
- 3 लाख तक का आसान ऋण (पहले एक चरण में 1 लाख, दूसरे चरण में 2 लाख) 5% की रियायती ब्याज दर

### 51. JNV सूरतगढ़

- कार्यक्रम– जवाहर नवोदय विद्यालयों के लिए 26वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2024–25 का पुरस्कार वितरण समारोह
- स्थान –मावलंकर सभागार, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, रफी मार्ग, नई दिल्ली
- अध्यक्षता– श्री अर्जुन राम मेघवाल

- **मुख्य आकर्षण–**
- पुरस्कार विजेता छात्रों एवं विद्यालयों को सम्मान
- प्रथम स्थान प्राप्त विद्यालय के छात्रों द्वारा "युवा संसद" का पुनरावृत्ति प्रदर्शन

- **प्रथम स्थान प्राप्त विद्यालय–** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सूरतगढ़, श्रीगंगानगर–II, राजस्थान (जयपुर क्षेत्र)

- **प्रदान किए जाने वाले पुरस्कार–**
- संसदीय मेरिट शील्ड और ट्रॉफी (प्रथम स्थान)
- 7 विद्यालयों को क्षेत्रीय प्रथम स्थान हेतु योग्यता ट्रॉफियां

- **प्रतियोगिता का आयोजन–**
- संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा पिछले 29 वर्षों से
- 26वीं प्रतियोगिता में देशभर के 8 क्षेत्रों के 88 विद्यालयों ने भाग लिया

### 52. बामनवास कांकड़

- कोटपूतली–बहरोड़ जिले की बामनवास कांकड़ पंचायत राजस्थान व उत्तर–पश्चिम भारत की पहली पूर्णतः जैविक प्रमाणित पंचायत बन गई है।
- जिसमें इसके अंतर्गत आने वाले सातों ढाणियों/बसावटों में पूरी तरह जैविक खेती अपनाई जा रही है।
- पंचायत को नेशनल प्रोग्राम फॉर ऑर्गेनिक प्रोडक्शन (NPOP) मानकों के तहत पूर्णतः जैविक पंचायत के रूप में प्रमाणित किया गया।
- विशेष –यहाँ के किसानों ने रासायनिक उर्वरकों, कृत्रिम कीटनाशकों और आनुवंशिक रूप से परिवर्तित (GM) इनपुट्स का पूरी तरह त्याग कर दिया है। इसके स्थान पर प्राकृतिक खाद, कम्पोस्ट, फसल चक्र, हरी खाद और जैविक कीट नियंत्रण विधियों को अपनाया गया है।

### 53. पतंग उत्सव

- मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 14 जनवरी 2026 को मकर संक्रांति के पर्व पर जल महल की पाल पर पतंग उत्सव (काइट फेस्टिवल) का शुभारंभ किया
- इस वर्ष राज्य के समस्त सात संभाग स्तर और जैसलमेर तथा माउंट आबू में पतंग उत्सव का आयोजन किया गया है।

### 54. अमरूद महोत्सव

- सवाई माधोपुर के 263वें स्थापना दिवस पर 18–19 जनवरी 2026 को पहली बार अमरूद महोत्सव एवं उन्नत कृषि तकनीक मेला आयोजन
- मुख्य अतिथि –लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

Video Course Test series PDF & Notes करंट अफेयर्स

- अध्यक्षता–कृषि व उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा
- यह देश का पहला अमरूद महोत्सव है, जिसमें अमरूद की विविध किस्मों और इससे जुड़े उत्पादों का प्रदर्शन होगा।
- सवाई माधोपुर में 150 करोड़ रुपये की लागत से अमरूद प्रसंस्करण प्लांट लगाया जाएगा
- कार्यक्रम में अग्रणी कृषि तकनीक, ड्रोन कृषि, मशीनीकरण, हाई–टेक बागवानी और वैल्यू एडिशन पर सत्र और प्रदर्शनी आयोजित
- लगभग 200 से अधिक स्टॉल, 20+ नर्सरी प्रतिभागी, तथा फल–फूल प्रतियोगिताएँ, उत्पादन शोकेस और लाइव डेमोंस्ट्रेशन शामिल हैं

**55. अनिता कुमारी**

- छठी पैरा नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप 2026–नई दिल्ली
- राजस्थान की अनिता कुमारी ने 10 मीटर एयर पिस्टल SH–1 में रजत पदक जीता
- रिया कंवर शेखावत –फरीदाबाद में आयोजित 34वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जयपुर की रिया कंवर शेखावत ने 76 किलो सब जूनियर कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता
- तेजस्विनी गहलोत–जोधपुर की तेजस्विनी गहलोत ने गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में अस्मिता वेटलिफ्टिंग लिफ्ट टूर्नामेंट में दो पदक जीते

**56. जयपुर में दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन**

- दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन–जयपुर
- उद्घाटन– सुश्री शोभा करंदलाजे(केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री)
- तारीख– 1415 जनवरी 2026
- आयोजक– श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

▪ **उद्देश्य–**

- चार श्रम संहिताओं का सुचारू क्रियान्वयन
- ESICo EPFO से जुड़े मुद्दे
- पीएम विकसित भारत रोजगार योजना (PMVBRY)
- प्रतिभागी– राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के सचिव व प्रमुख हितधारक

**57. दूध का दूध पानी का पानी अभियान**

- पश्चिमी राजस्थान दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, जोधपुर की ओर से 'दूध का दूध– पानी का पानी' अभियान 16 से 30 जनवरी 2026 तक चलाया
- अभियान का उद्देश्य– उपभोक्ताओं को सरस दूध व इससे बने उत्पादों की गुणवत्ता के प्रति जागरूक करना

**58. 68वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप**

- 68वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप नई दिल्ली और भोपाल
- अवधि– 11 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी 2026

▪ **कुल मेडल (राजस्थान)– 107**

- गोल्ड– 34
- सिल्वर– 36
- ब्रॉन्ज– 37

▪ **पदक तालिका में स्थान–**

- राजस्थान प्रथम(107 मेडल)
- हरियाणा द्वितीय (105 मेडल)
- उत्तर प्रदेश तृतीय (78 मेडल)

**59. 78वां सेना दिवस**

- भारतीय थल सेवा दिवस –15 जनवरी
- इस वर्ष की थीम –'भारतीय सेना–शौर्य और बलिदान'
- भारतीय सेना ने 78वां सेना दिवस गुरुवार को जयपुर के जगतपुरा स्थित महल रोड पर पूरे सैन्य गौरव व अनुशासन के साथ मनाया।
- यह चौथी बार था जब सेना दिवस परेड दिल्ली के बाहर आयोजित हुई।
- यह पहली बार था जब परेड किसी असैन्य क्षेत्र में आयोजित की गई।
- राजस्थान को पहली बार सेना दिवस परेड की मेजबानी का गौरव प्राप्त हुआ।
- कार्यक्रम में सैन्य उत्कृष्टता, गौरवशाली परंपराओं और राष्ट्रीय गौरव का भव्य प्रदर्शन हुआ।
- प्रमुख अतिथियों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मिजोरम के राज्यपाल जनरल (से.नि.) वी.के. सिंह, सीडीएस जनरल अनिल चौहान एवं सप्तशक्ति कमान के सेना कमांडर ले. जनरल मनजिंदर सिंह शामिल रहे।
- परेड से पहले ऑपरेशन सिंदूर एवं अन्य अभियानों में अदम्य साहस के लिए 5 शूरवीरों को मरणोपरांत 'सेना मेडल (गैलेंट्री)से सम्मानित किया गया।
- सम्मानित वीर– सूबेदार मेजर पवन कुमार, हवलदार सुनील कुमार सिंह, लांस नायक दिनेश कुमार, लांस नायक सुभाष कुमार और लांस नायक प्रदीप कुमार।

**60. भारत रिन्युएबल एक्सपो**

- भारत रिन्युएबल एक्सपो शुरू
- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने उद्घाटन किया
- आयोजन –मानसरोवर, जयपुर में(16–18 जनवरी 2026)
- सोलर उत्पाद प्रदर्शित
- युवाओं के लिए एक्सपो में 'ऑल इंडिया रिन्युएबल ओलंपियाड' और 'भारत रिन्युएबल टैलेंट फेस्ट' का आयोजन

**61. डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को भारतीय सेना की ओर से विशेष पुरस्कार**



- जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को सम्मानित किया
- भारतीय सेना की ओर से विशेष पुरस्कार
- समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मान
- कोविड काल में सेना को 2 हाईटेक एंबुलेंस भेंट
- शिक्षा, महिला शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण में कार्य
- 9 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित

**62. 1008 कुण्डीय हनुमान महायज्ञ**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की 16 जनवरी 2026 को एक दिवसीय जयपुर यात्रा
- सीकर रोड, नींदड़ में कार्यक्रम 1008 कुण्डीय हनुमान महायज्ञ में सहभागिता
- श्रीराम कथा में शामिल हुईं
- स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज का सानिध्य
- विश्वकल्याण हेतु हवन में पूर्णाहुति दी

**63. राजस्थान को लीडर अवॉर्ड**

- राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर सम्मान समारोह–भारत मंडपम ,नई दिल्ली
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कार्यक्रम
- राजस्थान को नेशनल स्टार्टअप रैंकिंग में 'लीडर अवॉर्डप्राप्त
- पुरस्कार उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) और स्टार्टअप इंडिया द्वारा प्रदान
- सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (DoIT) के अतिरिक्त निदेशक तपन मिश्रा ने पुरस्कार ग्रहण किया
- यह सम्मान राजस्थान के युवा उद्यमियों, इनोवेटर्स और स्टार्टअप संस्थापकों के योगदान का प्रतीक
- iStart राजस्थान प्लेटफॉर्म की महत्वपूर्ण भूमिका
- स्टार्टअप्स को मेंटोरिंग, फंडिंग, इन्क्यूबेशन, नेटवर्किंग और बाजार तक पहुंच उपलब्ध

**64. निर्यात तैयारी सूचकांक (EPI) 2024**

- निर्यात तैयारी सूचकांक (EPI) 2024
- निर्यात तैयारी सूचकांक (EPI) नीति आयोग द्वारा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की निर्यात क्षमता और अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र का आकलन करने हेतु जारी किया जाता है।

- **राजस्थान EPI 2024 में**

- स्कोर– 47.3
- श्रेणी– बड़े राज्य–रैंक– 17वीं
- स्थिति– Aspirer (आकांक्षी राज्य), स्कोर –47.31–15वीं रैंक

**65. 11वां कन्हैयालाल सेठिया स्मृति पुरस्कार**

- 19वां जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल –15 से 19 जनवरी2026
- आयोजन स्थल– आमेर, जयपुर
- जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में हर वर्ष राजस्थान के महाकवि कन्हैयालाल सेठिया की स्मृति में पुरस्कार दिया जाता है।
- इस वर्ष यह पुरस्कार कवि व साहित्यकार यतींद्र मिश्र को प्रदान किया गया। काव्य संग्रह ''बिना कलिंग विजय'' (Bina Kalinga Vijay) के लिए
- पुरस्कार में ₹1 लाख की नकद राशि दी जाती है, साथ में एक स्मृति चिह्न (memento) भी मिलता है, यह महाकवि कन्हैयालाल सेठिया फाउंडेशन और Jaipur Literature Festival के सहयोग से प्रदान किया जाता है।
- फ्रंट लॉन में आयोजित विशेष सत्र में कन्हैयालाल सेठिया की पुस्तक 'पंख दिए आकाश न दोगेका विमोचन किया गया।
- इस पुस्तक में सेठिया की प्रतिनिधि रचनाओं को शामिल किया गया है।
- सत्र में 'धरती धोरां री...सहित उनकी प्रसिद्ध राजस्थानी कविताओं व गीतों को स्मरण किया गया।
- आध्यात्मिक गुरु गौर गोपाल दास ने यतींद्र मिश्र को पुरस्कार से सम्मानित किया।
- श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल सम्मान –पीयूष मिश्रा (अभिनेता, निर्देशन व लेखक) राशि – 2 लाख रुपए
- पुस्तक लांच–ए स्टेट्समैन एंड ए सीकरःद एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी लाइफ एंड लेगेसी ऑफ डॉ. करण सिंह (लेखक– हरबंस सिंह)
- पीयूष मिश्रा को भास्कर की ओर से आयोजित इस समारोह में सम्मान स्वरूप ₹2 लाख नगद और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा
- उनकी 'पुस्तक तुम्हारी औकात क्या है' पर चर्चा
- 2025 में यह पुरस्कार स्वानंद किरकिरे को दिया गया
- 10वां महाकवि कन्हैया लाल सेठिया पुरस्कार– हिंदी कवि बद्री नारायण
- 9वां महाकवि कन्हैया लाल सेठिया पुरस्कार –अरुंधति सुब्रमण्यम

**66. कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य**

- कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य अरावली पर्वतमाला में स्थित है।
- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की।
- अभयारण्य के चारों ओर 1 किमी क्षेत्र को इको–सेंसिटिव जोन (ESZ) घोषित किया गया।
- ESZ क्षेत्र में औद्योगिक, वाणिज्यिक गतिविधियों तथा नए होटल–रिसोर्ट निर्माण पर प्रतिबंध लगाया गया।
- कुंभलगढ़ अभयारण्य राजसमंद, पाली और उदयपुरकृतीन जिलों में फैला है।




- अभयारण्य का कुल क्षेत्रफल 610.528 वर्ग किमी है।
- इसके चारों ओर 243 किमी लंबा इको–सेंसिटिव जोन निर्धारित किया गया।
- ESZ में तीनों जिलों के कुल 94 गांव शामिल हैं।
- उत्तर सीमा पर रावली टॉड़गढ़ वन्यजीव अभयारण्य से सीमा साझा होने के कारण वहां ESZ की सीमा शून्य रखी गई।

■ **निगरानी समिति का गठन –**

- समिति की अध्यक्षता राजसमंद जिला कलेक्टर करेंगे।
- समिति में संबंधित विभागों के 8 पदेन अधिकारी सदस्य होंगे।
- समिति का कार्य ESZ में होने वाली गतिविधियों की निगरानी करना होगा।

### 67. वर्ल्ड इंटरनेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (WIMO)

- राजस्थान के जयपुर के महेश्वरी और अरमान अग्रवाल ने वर्ल्ड इंटरनेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (WIMO) में गोल्ड अवॉर्ड जीता।
- प्रतियोगिता 3 जनवरी 2026 को शेनझेन (चीन) में हुई।

### 68. मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना

- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना 12 जनवरी 2026 से शुरू
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में योजना का शुभारंभ किया।
- उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने योजना की गाइडलाइन जारी की
- योजना का उद्देश्य प्रदेश के 1 लाख युवाओं को उद्यमी बनाना है।
- पात्रता– 18 से 45 वर्ष की आयु, राजस्थान का स्थाई निवासी
- विनिर्माण, सेवा व व्यापार क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण।
- राज्य सरकार द्वारा 100% ब्याज पुनर्भरण।
- मार्जिन मनी 50 हजार रुपये तक और CGTMSE शुल्क का पुनर्भरण।
- शैक्षणिक योग्यता अनुसार ऋण सीमा–
- 8वीं 12वीं उत्तीर्ण–
- सेवा/व्यापार के लिए– 3.5 लाख रुपये
- मैन्युफैक्चरिंग के लिए– 7.5 लाख रुपये
- मार्जिन मनी– अधिकतम 35 हजार रुपये
- स्नातक/आईटीआई व उच्च शैक्षणिक योग्यता–
- सेवा/व्यापार क्षेत्र के लिए– 5 लाख रुपये
- मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए– 10 लाख रुपये
- मार्जिन मनी– 50 हजार रुपये तक

### 69. शेखावाटी हस्तशिल्प उत्सव

- 17 से 25 जनवरी 2026 तक सीकर में शेखावाटी हस्तशील उत्सव 2026 का आयोजित है
- उद्घाटन –नगरीय विकास व स्वास्थ्य शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा
- आयोजन–जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र तथा जिला प्रशासन, सीकर द्वारा

### 70. महिला प्रीमियर लीग (WPL)

- हैप्पी संजीव खींचड़ क्रिकेटर
- जिला–झुंझुनू
- महिला प्रीमियर लीग (WPL) खेलने वाली राजस्थान की पहली खिलाड़ी
- WPL में गुजरात जाएंट्स (10 लाख में खरीदा)
- आरसीबी के खिलाफ पहला मैच
- डेब्यू मैच में 1 ओवर गेंदबाजी
- वर्तमान में 12वीं कक्षा में अध्ययनरत हैप्पी ने वर्ष 2023 में SMS स्टेडियम, जयपुर में आयोजित स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था

### 71. राजस्थान का नवीनतम एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल (EMRS)

- एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल (EMRS)
- संचालन– राजस्थान स्टेट एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल सोसायटी, CBSE से संबद्ध।
- कुल स्कूल– 31 EMRS, नवीनतम जमवारामगढ़ (जयपुर), जून 2025।
- कक्षाएँ– 6 से 12 तकय कक्षा 1112 में विज्ञान और कला।
- सुविधाएँ– निःशुल्क शिक्षा, पुस्तकें, आवास, भोजन, पौष्टिक आहार, जूते–मौजे, दैनिक सामग्री।
- स्किल लैब्स– AI – VR, इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर, ब्यूटी एंड वेलनेस, एग्रीकल्चर, ऑटोमोटिव।
- अतिरिक्त– खेल–कूद, सह–शैक्षिक गतिविधियाँ।

■ **सफलताएँ–**

- स्टेट स्पोर्ट्स मीट–2025– 154 चयनित, नेशनल स्पोर्ट्स मीट–2025 (राउरकेला, ओडिशा) में 9 इवेंट्स में पदक जीते।
- राज्य स्तरीय सांस्कृतिक/साहित्यिक फेस्ट– 59 चयनित राष्ट्रीय फेस्ट–2025 (गोरखपुर, उत्तर प्रदेश) में भाग लिया।
- करियर मार्गदर्शन– इनेबल प्रोग्राम (कक्षा 911) IIT JEE – NEET ऑनलाइन कक्षाएँ, टाटा मोटर्स सहयोग।

### 72. राम जलसेतु लिंक परियोजना हेतु निर्माणाधीन चम्बल एक्वाडक्ट

- राम जलसेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्वती–कालीसिंध–चम्बल लिंक परियोजना)

Video Course Test series PDF & Notes करंट अफेयर्स

- **चम्बल एक्वाडक्ट का निर्माण–**
